# अभियान चलाकर 1500 विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे

**राजसमंद,** (निसं)। माहेश्वरी समाज के श्री महेश युवा प्रगति मंच की ओर से चलाए गए अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न आदिवासी बस्तियों में निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों के 1500 बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए ऊनी स्वेटर वितरण किए।

संस्थान सदस्य लक्ष्मीलाल ईनाणी ने बताया कि बीते एक माह से चल रहे स्वेटर वितरण अभियान के तहत पांच चरणों में कुंभलगढ, रेलमगरा, फरारा सहित क्षेत्र की कई बस्तियों एवं राजकीय विद्यालयों व छात्रावासों में ये स्वेटर बांटे गए। युवा मंच सचिव महेश गग्गड ने बताया कि कंपकंपाती सर्दी में आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चे स्वेटर व टोपी के अभाव में विद्यालय जाने से कतराते है जिससे उनका शिक्षण प्रभावित होता है। इसे देखते हुए युवा मंच ने सहयोग का संकल्प लिया। इसके लिए मंच की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे जरूरतमंद बच्चों की सूची तैयार कर उसके आधार पर कुल 15०० स्वेटर एवं टोपी वितरित की गई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कुंभलगढ क्षेत्र की माध्यमिक विद्यालय देवडो की भागल, ब्राह्मणों की भागल आरेट में स्वेटर बांटे गए। इसमें समाज के गोपाल गट्टाणी, महेश पोरवाल, लोकेश कोगटा, महेश गग्गड, अनीष मंत्री, अभिषेक न्याति,



श्री महेश युवा प्रगति मंच के पदाधिकारारियों ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किये।

विष्णु मंत्री, रूचित असावा, अभिषेक सोमानी, राहुल करनाणी, राहुल मून्दडा आदि ने व्यवस्था में सहयोग दिया। युवा मंच के अध्यक्ष लोकेश कोगटा ने बताया कि इस दौरान युवा मंच की टीम कई दुर्गम क्षेत्रों में भी पहुंची एवं बस्तियों व विद्यालयों में स्वेटर बांटे। द्वितीय चरण में स्व. श्रीमती किरण माहेश्वरी की स्मृति में विधायक दीप्ति माहेश्वरी के सान्निध्य में गाडरियावास, राजनगर स्थित जागृति स्कूल में मूक बधिर छात्रों को, धोइन्दा क्षेत्र के राजकीय अम्बेडकर बालक छात्रावास, राजकीय सावित्रीबाई फूले अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, कुरज, गिलूण्ड एवं रेलमगरा क्षेत्र के अम्बेडकर छात्रावास, कुरज, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, डॉ भीमराव अम्बेडर छात्रावास रेलमगरा, राउमावि सोनियाणा में भी जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर एवं टोपी बांटे गए। अंतिम चरण में भाणा क्षेत्र के मण्डावर, जूणदा खेडी, फरारा क्षेत्र के चिंतामणी का मादडा, मेंगटियां कला, रेबारियों की ढाणी एवं सथाना स्कूल मे भीं बच्चों को स्वेटर एवं टोपी बांटे गए। इस दौरान युवा टीम में मंच कोषाध्यक्ष अनिष मंत्री, अंकित मून्दडा, राकेश काबरा, अनुज मालू, बादल बियानी, अंषुल काबरा आदि शामिल थे।

## सार-समाचार

### बेटियों ने शतरंज में दिखाया दम



**भीण्डर,** (निसं)। स्कूली खेल गतिविधियों में पहली बार शामिल किये गये शतरंज के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग की उदयपुर टीम में भीण्डर की दो बेटियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम को राज्य स्तर पर तीसरा स्थान दिलाने में कामयाब रही। इससे पहले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी इन बेटियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया था। भीण्डर के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा आर्ची मुणेत व हिमांगी चौबीसा का 66 वीं राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए 14 वर्षीय वर्ग की उदयपुर टीम में चयन हुआ था। 10 से 15 जनवरी तक दौसा जिले के बांदीकुई में दिल्ली पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में 14 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उदयपुर छात्रा वर्ग टीम में भीण्डर की आर्ची मुणेत, हिमांगी चौबीसा के साथ लोरिशा कोठारी, विहाना कोठारी, गरिमा राठौड की कुल 5 सदस्यी टीम ने भाग लिया। जिसमें आर्ची मुणेत ने 9 राउण्ड में से 7 राउण्ड जीते तो हिमांगी चौबीसा, लोरिशा कोठारी, विहाना कोठारी ने 9 राउण्ड में से 6-6 राउण्ड जीते, गरिमा राठौड 9 में से 4 राउण्ड जीतने में कामयाब रही। इसके साथ ही उदयपुर टीम ने तीसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रही। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 3० जिलों से 268 खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें भीलवाडा टीम प्रथम, बीकानेर टीम द्वितीय व उदयपुर टीम तृतीय स्थान पर रही।

### हादसे में तीन युवक गंभीर घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-8 पर एक तेज रफ्तार बाइक फिसलने से 3 युवक गंभीर घायल हो गए। हादसे में 2 युवकों के पैर कटकर अलग हो गए है, जबकि एक युवक के सिर और शरीर पर कई जगह चोटें आई है। तीनो घायलों को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां से गंभीर हालत में उदयपुर रेफर कर दिया गया। थानाधिकारी ने बताया कि शैलेश पुत्र प्रेमशंकर भगोरा निवासी आमझरा, मनोज 24 पुत्र रमेश कटारा निवासी बरौठी और राहुल पुत्र मनजी कटारा निवासी बरौठी किसी काम से बिछीवाडा में आए थे। रविवार देर शाम को तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे-8 पर बरौठी पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक फिसल गई और सडक के साइड में लगी पटरी में जोर से टकरा गई। हादसा इतना भयंकर था कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और राहुल कटारा और मनोज कटारा का एक-एक पैर घुटनों के नीचे से कट गए। शैलेश के भी सिर, हाथ-पैर और शरीर में कई जगह चोटें आई। थानाधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे की एंबुलेंस के ड्राइवर बाबूलाल परमार, नर्सिंग स्टाफ अशोक खराडी और जितेंद्र मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को डूंगरपुर हॉस्पीटल लेकर आए। तीनों की हालत गंभीर होने पर राहुल और मनोज के कटे पैरों को बर्फ में रखकर उदयपुर रेफर कर दिया।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**डूंगरपुर,** (निसं)। बार एसोसिएशन डूंगरपुर के वर्ष 2023 के नव नियुक्त अध्यक्ष, महासचिव एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को वागड गांधी वाटिका हॉल नवा महादेव डूंगरपुर में होगा। मिडिया प्रभारी एडवोकेट प्रकाश पटेल ने बताया कि बार ऐसोसिएशन डूंगरपुर के वर्ष 2023 के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट विवेक दीक्षित, महासचिव कन्हैयालाल पाटीदार एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह वागड गांधी वाटिका हॉल नवामहादेव डूंगरपुर में सांय 6.30 बजे सम्पन्न होगा, जिसमें मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश भंवरलाल बुगालिया, अध्यक्ष जिला कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री तथा विशिष्ठ अतिथि राज्य मंत्री अध्यक्ष राजस्थान राज्य अनुसुचित जाति वित्त एवं विकास आयोग राजस्थान सरकार डॉ.शंकर यादव, पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा एवं सभापति नगर परिषद् अमृतलाल कलासुआ होंगे।

### दुष्कर्मी को 10 साल की सजा

**डूंगरपुर,** (निसं)। स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने एक नाबालिग के किडनैप और रेप के मामले में सोमवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दोषी को 10 साल कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 1 लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पीडित प्रतिकर दिलाने की अनुशंषा की है। सरकारी वकील योगेश जोशी ने बताया कि 1 नवंबर 2020 को दोवडा थाने में एक नाबालिग के पिता ने शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें उसने बताया कि उसकी बेटी रात को घर पर ही थी,लेकिन सुबह नही मिली। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए उदयपुर जिले के कुराबड निवासी राज उर्फ राजकुमार सहित उसके 1 अन्य साथी को नामजद किया। पुलिस ने पीडिता को कानोड से छुडाया और आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ चार्जशीट पेश की। सरकारी वकील ने बताया कि पीडिता ने अपने बयानों में बताया था कि उसे राजकुमार बाइक पर बैठा कर कानोड ले गया था और 15 दिन तक बंधक बनाकर रोजाना उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। सोमवार को मामले की सुनवाई पूरी करते हुए स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने राजकुमार को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार दिया।

### नि:शुल्क बस सुविधा

**डूंगरपुर,** (निसं)। नगर के सभी धर्म प्रेमियों को सूचित किया जाता है कि पूज्य गिरी बापू की शिव कथा सागवाड़ा नगर में आयोजित हो रही है। इस कथा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने के उद्देश्य से पूर्व सभापति एवं पूज्य गिरी बापू के परम शिष्य केके गुप्ता द्वारा डूंगरपुर नगर वासियों के लिए बस की सुविधा निशुल्क रखी गई है जो 17 जनवरी मंगलवार से दोपहर 12:30 बजे गैप सागर की पाल से रवाना होगी और सागवाड़ा नगर के निकट ही कथा स्थल पर पहुंचेगी।

### बैठक आयोजित

**भीम,** (निसं)। रावत राजपूत सुधार समिति चोबीस गांव काछबली मासिक बैठक मंडावर में महादेव मंदिर के प्रांगण में उप प्रधान नारायणसिंह चौहान बगड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 फरवरी को वैर का चौड़ा काछबली में आयोजित कराने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सम्मेलन की तैयारियां हेतु विवाह समिति के अध्यक्ष मिट्ठूसिंह पटवारी एवं अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गई। सम्मेलन में आर्थिक सहयोग के लिए बगड़ निवासी नारायणसिंह अध्यक्ष ने एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए नारायणसिंह, मंडावर निवासी पटवारी मिट्ठूसिंह ने ग्यारह हजार की घोषणा की।

# जेल कार्मिकों की भूख हड़ताल जारी

**बांसवाड़ा,** (निसं)। वेतन विसंगति को लेकर जेल कार्मिकों द्वारा किये जा रहे मेस बहिष्कार एवं भूख हड़ताल के चौथे दिन जिला कारागृह के एक प्रहरी एवं कुशलगढ़ जेल के पांच सिपाहियों को हालत बिगड़ने पर चिकिसात्लय में भर्ती करवाया गया।

ध्यान रहे कि ये कार्मिक वर्ष 2017 में सरकार के साथ हुए समझौते को लागू करने की मांग कर रहे हैं। इन लोगों ने बताया कि कारागार विभाग में प्रहरी से मुख्य प्रहरी पद का वेतनमान 1998 तक पुलिस विभाग के कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल के समान था लेकिन वित्त विभाग ने मार्च 1998 में पुलिस विभाग कार्मिकों का वेतनमान संशोधित किया जिससे जेल विभाग के कार्मिकों के वेतनमान में असमानताएं हुई है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 2017 में जेल कार्मिकों ने मैस का बहिष्कार कर भूखे रहते हुए ड्यूटी की थी जिसके बाद राज्य सरकार से 2017 में लिखित समझौता हुआ कि जेल कार्मिकों का वेतन पुलिस विभाग के समान किया जायेगा लेकिन इसकी आज तक पालना नहीं हुई है। 13 जनवरी से कर्मचारी महासंघ एकीकृत के बैनर तले राज्य में समस्त जेलकार्मिक मैस का बहिष्कार कर अन्न का त्याग कर ड्यूटी निर्वहन कर रहे हैं।

# कॉलेज में नि:शुल्क कोचिंग कक्षाएं शुरू

**बांसवाड़ा,** (निसं)। श्री गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय में संचालित जनजातीय अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में महाविद्यालय में पंजीकृत विद्यार्थीयों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये आयोजित नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी प्रकाश चन्द्र रैगर एवं विशिष्ट अतिथि जिला रसद अधिकारी एचएल आलोरिया रहें। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा भूपेंद्र ने की।

प्रारंभ में जनजातीय अध्ययन केन्द्र के संयोजक प्रो. दिनेश रावत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि टीएससी में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीयन करवाया है जिनके लिए महाविद्यालय में टीएससी द्वारा पहली बार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये नि:शुल्क कोचिंग कक्षाए शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरएएस, आईएएस तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए फैकल्टी द्वारा नि:शुल्क कक्षाओं में अध्ययन करवाया जायेगा। टीएससी के समस्त कार्यक्रमों में प्रतिभावान छात्र-छात्राए सैकडो की तादात में भागीदारी सुनिश्चित कर लाभांवित हो रहे हो। मुख्य अतिथि रैगर ने अपने उदबोधन में छात्रों को स्वयं की पारिवारिक व आर्थिक



गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय में नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित उपखंड अधिकारी प्रकाश चन्द्र रैगर आदि ने संबोधित किया।

स्थितियों का जिक्र करते हुए बताया कि लक्ष्य हासिल करने के लिए आर्थिक स्थिति आडे नहीं आती है। उन्होंने कहा कि वागड क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है वरन् सही मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है ताकि यहां के विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं में आ सके। उन्होंने विद्यार्थीयों के साथ संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं तथा उत्सुकताओ को समझकर उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिये उन्हे प्रेरित किया। उन्होंने एक छात्र व छात्रा लिम्बाराम और सोनी सालेडिया से संवाद करते हुए उनकी पारिवारिक स्थिति जानकर उन्हें सफलता के मार्ग की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला रसद अधिकारी आलोरिया ने विद्यार्थीयो को लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, तपस्या व समर्पण के साथ तैयारी करने पर बल दिया। उन्होंने अपने जीवन के विभिन्न उदाहरण देकर बताया कि प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिये धैर्य, समय प्रबंधन, प्रतिबद्धता का होना अत्यंत आवश्यक है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सीमा भूपेन्द्र ने कविताओं के माध्यम के विद्यार्थीयो को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के गुर बताये। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. किरण पूनिया, डॉ. रामरज सिंह, डॉ अंजना रानी, डॉ प्रीति आमेटा, डॉ. लीना पूरोहित, डॉ. अजरा परवीन, डॉ. शफकत राणा, डॉ. रतनपाल डोडियार, डॉ. अर्पित पाठक, डॉ. नीरज श्रीमाली, डॉ. प्रवीण मीणा, डॉ. प्रकाश किंकोड, डॉ. आलोक जैन, डॉ. सचिन दीक्षित, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. किंशुक शर्मा, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### छात्रसंघ पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा



**भीम,** (निसं)। कस्बे के सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय छात्र संघ उपाध्यक्ष हरभजनसिंह, महासचिव गजेंद्रसिंह संयुक्त सचिव भावना कुमारी आदि ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय के विकास की मांग की। उपाध्यक्ष हरभजनसिंह ने बताया कि महाविद्यालय में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापना, द्वितीय मंजिल पर पेयजल व्यवस्था, वाहन पार्किंग की व्यवस्था आदि को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### कुएं में मिला युवक का शव

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के चितरी थाना क्षेत्र के झोसावा गांव में एक कुएं में युवक का संदिग्ध हालत में शव मिला है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इधर परिजनों ने युवक की मौत पर हत्या की आशंका जताई है। बांसवाडा से एफ एसएल टीम को बुलाकर सबूत जुटाएं जा रहे है। वही चितरी थाना पुलिस घटना को लेकर जांच में जुट गई है। वही ऐतिहात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह ने बताया की झोसावा भाटूडिया फला निवासी 45 वर्षीय देवा पुत्र गांगा खाट शनिवार को काम के लिए अपने घर से निकल गया था। देवा मजदूरी का काम करता है। लेकिन शनिवार देर शाम तक देवा घर वापस नही लौटा। देवा के घर नही लौटने पर परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे। लेकिन उसका कोई पता नहीं लग पा रहा था। कल रविवार शाम के समय गांव के ही एक कुएं में देवा का शव संदिग्ध हालत में मिला। उसे देख आसपास गांव के लोग इकट्ठे हो गए। घटना की सूचना पर चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। लेकिन अंधेरा हो जाने से शव कुएं से नही निकल पाया। वही आज सुबह परिजन व पुलिस मौके पर वापस पहुंचे। इधर इसके बाद पुलिस ने शव को कुए से बाहर निकाला। इधर शव को देखकर परिजनों ने देवा की मौत पर हत्या की आशंका जताई है। परिजनों ने देवा की हत्या कर शव को कुएं में फैंकने के आरोप लगाए। इस पर पुलिस ने बांसवाडा से एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया। एफ एसएल की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी और मौके से सबूत जुटाए। इसके बाद पुलिस ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया और शव को कुएं से बाहर निकालकर चितरी अस्पताल के मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### वार्षिकोत्सव में दी प्रेरक प्रस्तुतियां

**बांसवाड़ा,** (निसं)। कुशलगढ के अशीर्वाद पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम उडान 2023 में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रेरक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय फाउंडर व सदस्यों के साथ दिगम्बर समाज के अध्यक्ष जयंतीलाल सेठ ने दीप प्रज्जवलन कर किया। सेठ ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां आत्मविश्वास से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में छिपी हुई क्षमताओं को निखारने का दायित्व शिक्षकों एवं अभिभावकों का है। उन्होंने कहा कि अभिभावक यदि समय-समय पर अपने बच्चों के बारे में शिक्षकों से जानकारियां लेते रहें तो निश्चित रुप से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राजेन्द्र मेहता एवं केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मनोज सेठ ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन बेहतर शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास कर रहा है। द्वय वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, सर्वधर्म नाटिका मंचन, सेव वाटर थीम पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### सर्द हवाओं के आगोश में ठिठुरा शहर

**डूंगरपुर,** (निसं)। पिछले सप्ताह भर से लगातार सर्दी के तेवर बरकरार रहने से सामान्य जन जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है और दो दिन की धूप के बाद सोमवार को सवेरे तो एक बार घने काले बादलो से आकाश आच्छादित हो गया था, लेकिन जैसे ही हल्की धूप बादलों के बीच से खिलकर आई तो पहाडों पर धूंध का धना कोहरा इस कदर छा गया कि पहाडी भू-भाग ओझल होने लगा। विगत कई दिनों से सर्दी के तेवरो में उतार चढाव से आम आदमी नाना प्रकार के रोगों से ग्रसित हो रहा हैं तो वही शादी ब्याह समारोह में लगे परिजन सर्दी के तीखे तेवरों बेबस है। वही शादी समारोह में जाने से भी अब कुरेच करने लगे है। सोमवार को भी सवेरे से ही सर्द हवाओ ने मौसम को बेहद ठण्डा बना दिया और शाम ढलते-ढलते तो वहा का रूख तेज हो गया। इधर लगातार सर्दी के तेवरों के चलते बुजुर्ग वर्ग को खासी परेशानी हो रही है तो सामान्य काम-काज भी प्रभावित हो रहे है तथा शाम ढलने के साथ ही सडकों पर विरानी परस जाती हैं।

### महालक्ष्मी मंदिर का पाटोत्सव आज

**डूंगरपुर,** (निसं)। श्री गौड प्रवालिया ब्रह्मण समाज के तत्वावधान में फौज का बडला स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर का एक दिवसीय पाटोत्सव मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। समाज अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार भट्ट ने बताया कि प्रात: गणेश मातुका एवं स्थापित देवों का पूजन ब्राह्मण वरण, स्वास्तिक पूण्यावाचन श्री याग, श्री सुक्त 1008 वाचन, माताश्री की राजोप्रचार पूजा, सहित विविध कार्यक्रमों एवं हवन कर ध्वजा परिवर्तन समाज जनों के सानिध्य में की जायेगी। तथा शाम को 5 बजे पूर्णाहुति एवं महाआरती का आयोजन होगा। जिसको लेकर समाज के उपाध्यक्ष उपेन्द्र पण्डया, सचिव खुशवंद दवे, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र भटट, भूपेन्द्र भटट, अनिल मेहता, रमेश व्यास, दीपक पण्डया सतीश पण्डया सहित समाज जन व्यापक तैयारियों को अन्तिम रूप देने में लगे हुए।

# चौरासी विधानसभा क्षेत्र में वागड जोड़ो यात्रा के तृतीय चरण का शुभारंभ

**डूंगरपुर,** (निसं)। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की ओर से देश में भारत जोडो यात्रा निकाली जा रही है, उसके समर्थन में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व सचिव एवं पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा की ओर से चौरासी विधानसभा क्षेत्र में वागड जोडो यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दो चरण पूरे हो गए।

सोमवार को तीसरे चरण की शुरुआत गैंजी से की गई। इस मौके पर युथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, पूर्व विधायक शंकर लाल अहारीए पूंजीलाल परमारए पूर्व प्रधान मंजुला रोतए निमिषा भगोरा सहित ने भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधा ओर कहा कि भाजपा सरकार देश में सरकारी संपत्ति को बेचने एवं औद्योगिक इकाइयों का निजी करण कर रही है। देश में जाति और धर्म के नाम पर सांप्रदायिक तनाव बढा रही है। भाजपा के राज में देश का युवा दर.दर भटक रहा है रोजगार के अभाव में लोगो



पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ( बीच में ) ने चौरासी वागड जोड़ो यात्रा के तृतीय चरण की शुरूआत की।

का जीवनयापन करना मुश्किल हो रहा है। भगोरा ने कहा कि राज्य सरकार सीएम अशोक गहलोत के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, पुरानी पेंशन योजना बहालए स्कूली बच्चों को नि:शुल्क पौशाक सहित जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को फायदा हुआ है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार फिर से बनेगी। इससे पूर्व वागड जोडो यात्रा 19 नवंबर को वीर काली बाई एवं शहीद नाना भाई खांट की कर्मस्थली रास्ता पाल से शुरू हुई थी जो गोविंद गुरु की जन्मस्थली बांसिया में पहला चरण पूरा हुआ था ओर दूसरा चरण गोविंद गुरु की कर्मस्थली धूनी मगरी धाम बांसिया से शुरू हुई एवं रतनपुरा में समापन हुई थी। सोमवार को तीसरा चरण गैंजी से शुरू हुआ और गोरादा, पाडली, झौथरी, नेगाला, करावाडा पहुंची। मंगलवार को करावाडा से निकल कर पीठ सलारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी एवं तीसरा चरण पूरा होगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी, पूँजीलाल परमार, पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार, पूर्व प्रधान मंजुला रोत, मुश्ताक अहमद, मोहनलाल डामोर, पूर्व प्रधान निमिषा भगोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार,बालगोविन्द पाटीदार, ऊर्मिला अहारी, अमृतलाल कलाल एब्लॉक अध्यक्ष मनोहरसिंह चौहान, मनोहर पटेल, सुरेश पटेल, संजय कलासुआ, जिला उपाध्यक्ष व पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा, शंकरलाल आमलिया, भीमराज डामोरए लक्ष्मण रोट, शंकरलाल रोट, किशोरीलाल पाटीदार, अरविंद डामोर, गौतम लाल खराडी, जवानसिंह डामोर आदि मौजूद थे।इसीक्रम में डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा की पैदल यात्रा सोमवार को लोडवाडा ग्राम पंचायत गामडी अहाडा से शुरू हुई जो माडा पहुंची जहा सरपंच लक्ष्मण डामोर, उप सरपंच रमेश लबाना एवं ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

# जयकार समाज विकास संस्था की बैठक आयोजित

**राजसमंद,** (निसं)। अखिल राजस्थान जयकार समाज विकास संस्था की प्रदेश महासमिति की बैठक संस्थापक अध्यक्ष बजरंगलाल जूटक के मुख्य अतिथि एवं प्रदेशाध्यक्ष भेरूलाल चारण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि बजरंग लाल जूटक ने कहा कि वर्तमान में युवाओं में अनुशासन आवश्यक है। हमारे समाज को राव लगाने से नुकसान ही नुकसान है, मैंने मेरे सारे बालकों के नाम के साथ जयकार शब्द लगा रखा है। हमें समाज की एकता बनाए रखनी है।

सभाध्यक्ष भेरूलाल खरेलवा ने कहा कि संस्थाओं के संचालन के लिए हमें आर्थिक रूप से मजबूत लानी होगी। युवा प्रदेशाध्यक्ष परसराम पोरवाड ने कहा कि प्रदेश युवा शाखा के निर्देशन में हर वर्ष दिसंबर माह में समाज की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने की बात कही। प्रदेश महासचिव दुर्गालाल बारेठ ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से समाज की पत्रिका प्रकाशन करने एवं उसके लिए विज्ञापन की दरें तय की गई। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष दुर्गालाल चौधरी भटियाणी



समाज विकास को लेकर जयकार समाज विकास संस्था की प्रदेश महासमिति की बैठक आयोजित हुई।

ने वित्तीय वर्ष 22-23 का आय-व्यय प्रस्तुत किया। प्रदेश प्रवक्ता रवि मनावत ने बताया कि बैठक को भेरूलाल खरेलवा, छगनलाल सगदार, लादूलाल फोगा, दुर्गालाल चौधरी, परसराम पोरवाड, राधेश्याम सगदार, यशवंत चारण, महादेव बराला, रामनिवास गेगावत, सुगनचंद सीहोल, भेरूलाल लखावत, रमेशचंद्र बागडवा, शंकरलाल चौधरी, दुर्गालाल धूलिया, गोपाल लालावत, सुखदेव पोरवाड, जगदीश प्रसाद डागा, कैलाश बागडवा, चंद्रप्रभात सगदार, भेरूलाल रेवल, हेमंत सोपतका, जगदीश खेड, पूरणमल मानावत, रवि मनावत, संपत साथी, मुकेश खेड, नरेंद्र गेगावत, लादूलाल हालीमंगा, गोपाल चारण, श्यामलाल चौधरी, शोभालाल बराला, दुर्गालाल बराला, भेरूलाल धूलिया, सुनील बराला, मुकेश खेड, कुलदीप बारेठ, हनुमान गोरेर, राजकुमार रेवल, अमित डागा, संजय हालीमंगा ने संबोधित किया। आभार अतिरिक्त महासचिव भेरूलाल लखावत ने ज्ञापित किया।